कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री विवेक मीना ,पता–6 , शंकर विहार जगतपुरा जयपुर–17 राजस्थान
बनाम
लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) बांदीकुई, जिला दौसा
अपील सं0 59/2019

निर्णय   दिनांक : 29.1.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) बांदीकुई, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल स्पष्ट एवं पूर्ण प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) बांदीकुई, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांक डी0एम0/कोर्ट/2020/04 दिनांक 01.1. 2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) बांदीकुई, जिला दौसा से अपीलांट को सूचना/नकल उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। किन्तु अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र के संलग्न प्रस्तुत उप जिला कलक्टर बांदीकुई के पत्रांक आरटीआई/2019/1407 दिनांक 02.12.2019 के द्वारा अपीलांट को प्रेषित सूचना में उप जिला कलक्टर बांदीकुई के कार्यालय में बिन्दु सं0 1 लगायत 3 के द्वारा अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना संधारित नहीं किया जाना एवं रिकॉर्ड के अभाव में सूचना दिया जाना सम्भव नहीं होना व्यक्त किया गया है एवं बिन्दु सं0 4 व 5 में सूचना उनके कार्यालय से संबंधित न होकर राज्य सरकार से सम्बन्धित होना व्यक्त किया है। इस प्रकार उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई द्वारा सूचना के सम्बन्ध में वस्तुस्थिति से अपीलांट को सूचित किया गया है। ऐसी स्थिति मे अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा